भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2431

दिनांक 13 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

सौभाग्य योजना के तहत बांसवाड़ा एवं डूंगरपुर को निधि का आवंटन

2431. श्री राजकुमार रोत:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजस्थान के अनुसूचित क्षेत्र के जिलों में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) की स्थिति क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत बांसवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के बांसवाड़ा और डूंगरपुर में आवंटित और उपयोग की गई निधि का जिलावार और ब्लॉकवार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत राजस्थान के अनुसूचित क्षेत्र के जिलों में विद्युत कनेक्शन से लाभान्वित परिवारों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति में सुधार हुआ है; और

(ङ) बांसवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, प्रयुक्त सामग्री तथा कम्पनियों के नाम, कार्यादेश तथा इसमें शामिल राशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ग) : भारत सरकार (जीओआई) ने अक्टूबर, 2017 में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) शुरू की थी, जिसका उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी इच्छुक गैर-विद्युतीकृत घरों और शहरी क्षेत्रों में सभी इच्छुक गरीब परिवारों को विद्युत कनेक्शन प्रदान करना है। सौभाग्य के तहत संस्वीकृत सभी कार्य सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं और यह स्कीम दिनांक 31.03.2022 को बंद हो चुकी है। राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, सौभाग्य अवधि के दौरान राजस्थान राज्य के 21,27,728 घरों सहित राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 2.86 करोड़ घरों का विद्युतीकरण किया गया है।

राजस्थान के अनुसूचित क्षेत्र में विद्युतीकृत घरों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्रम सं.	जिला	कुल
1	बांसवाड़ा	52390
2	चितौड़गढ़	6169
3	डूंगरपुर	34594
4	पाली	4762
5	प्रतापगढ़	36280
6	राजसमंद	724
7	सिरोही	8880
8	उदयपुर	121563
कुल		**265362**

(ख) : सौभाग्य स्कीम के तहत किसी भी राज्य/जिले के लिए निधियों का कोई अग्रिम आवंटन नहीं किया गया था। पिछली किस्तों में जारी की गई निधियों के उपयोग और निर्धारित शर्तों की पूर्ति रिपोर्ट के आधार पर संस्वीकृत परियोजनाओं के लिए किस्तों में निधियाँ जारी की गई थी। इसके अलावा, सौभाग्य स्कीम को डिस्कॉम-वार संस्वीकृत किया गया और संस्वीकृत कार्य के लिए संबंधित डिस्कॉम को निधियाँ जारी की गई। राज्य द्वारा दी गई सूचना अनुसार, बांसवाड़ा संसदीय क्षेत्र के बांसवाड़ा और डूंगरपुर में निधि आवंटन का जिलावार और ब्लॉक-वार ब्यौरा उपलब्ध नहीं है क्योंकि सौभाग्य के तहत निधियाँ समग्र रूप से एवीवीएनएल डिस्कॉम को जारी की गई थी।

(घ) : भारत सरकार ने दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) और सौभाग्य जैसी स्कीमों के तहत राज्यों के प्रयासों को बढ़ावा दिया है, जिसके तहत 1.26 लाख करोड़ रुपये के वितरण अवसंरचना के कार्य किए गए। पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर विद्युत आपूर्ति के औसत घंटे वित्त वर्ष 2014 में ग्रामीण क्षेत्रों में 12.5 घंटे से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 21.9 घंटे हो गए हैं।

(ङ) भारत सरकार ने वितरण क्षेत्र की प्रचालन दक्षता और वित्तीय स्थिरता में सुधार के लिए जुलाई 2021 में संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) शुरू की। बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिलों में संस्वीकृत परियोजनाओं में हानि कम करने के अवसंरचना और स्मार्ट मीटरिंग कार्य शामिल हैं। ब्यौरा निम्नानुसार है:

क. हानि कम करने के कार्य:

1. बांसवाड़ा जिले के लिए संस्वीकृत लागत-164.04 करोड़ रुपये (जीबीएस: 98.42 करोड़ रुपये)
2. डूंगरपुर जिले के लिए संस्वीकृत लागत-319.12 करोड़ रुपये (जीबीएस: 191.47 करोड़ रुपये)।

क्र. सं	विवरण	मापन की इकाई	बांसवाड़ा	बांसवाड़ा डूंगरपुर
			संस्वीकृत मात्रा	
1	नए सब स्टेशन	संख्या	2	1
2	सबस्टेशन का विस्तार	संख्या	1	1
3	एचटी लाइन	सीकेएम	2019.44	5441.83
4	एचटी लाइनों का प्रतिस्थापन	सीकेएम	280.44	104.09
5	एलटी लाइन	सीकेएम	680.00	1,156.44
6	वितरण ट्रांसफार्मर	संख्या	148	1,058
7	कृषि फीडरों का पृथक्करण	संख्या	157	320
8	घरों का विद्युतीकरण	संख्या	14990	4189
अनुबंधित एजेंसी का नाम			मेसर्स हितेश इलेक्ट्रिकल्स जेवी विद न्यू मॉडर्न टेक्नोमेक प्राइवेट लिमिटेड।	मेसर्स पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड, मेसर्स एस्पन इंफ्रा लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम।

ख. स्मार्ट मीटरिंग कार्य:

1. बांसवाड़ा जिले के लिए संस्वीकृत लागत-200.55 करोड़ रुपये (जीबीएस: 30.08 करोड़ रुपये)
2. डूंगरपुर जिले के लिए संस्वीकृत लागत-241.60 करोड़ रुपये (जीबीएस: 36.24 करोड़ रुपये)।

क्र.सं	विवरण	मापन की इकाई	बांसवाड़ा	डूंगरपुर
			संस्वीकृत मात्रा	
1	उपभोक्ता मीटर	संख्या	3,13,150	3,65,340
2	फीडर मीटर	संख्या	505	446
3	डीटी मीटर	संख्या	4,585	8,918
अनुबंधित एजेंसी का नाम			मेसर्स जीनस पावर इंफ्रा लिमिटेड	

****